भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1519 का उत्तर

पठानकोट से जोगिंदर नगर तक रेल लाइन

1519. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पठानकोट से जोगिंदर नगर रेल लाइनों के शहरी हिस्से के भीतर एक एलिवेटेड ट्रैक को पंजाब राज्य सरकार द्वारा 2019 में 240 करोड़ रुपये की परियोजना मूल्य के साथ रेल मंत्रालय और पंजाब सरकार के बीच 50% लागत-साझाकरण समझौते के तहत मंजूरी दी गई थी और इसके लिए एक प्रस्ताव 30 मई, 2019 को अधीक्षण अभियंता, निर्माण सर्किल, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, पठानकोट द्वारा मुख्य अभियंता, उत्तर रेलवे को भेजा गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा उक्त परियोजना को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल पर समपारों को समाप्त करने संबंधी कार्यों को स्वीकृत करना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्य गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर किए जाते हैं।

पठानकोट के शहरी क्षेत्र के भीतर एलिवेटेड रेलपथ निर्माण कार्य हेतु राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव की जांच की गई थी और इसे व्यवहार्य नहीं पाया गया।

भारतीय रेल के बड़ी लाइन नेटवर्क की रनिंग लाइनों पर सभी बिना चौकीदार वाले समपारों (यूएमएलसी) को दिनांक 31.01.2019 तक समाप्त कर दिया गया है।

*****